भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2882

जिसका उत्तर 08 अगस्त, 2024 को दिया जाना है।

.....

कर्नाटक को कृष्णा नदी से जल

2882. श्री एम. मल्लेश बाबूः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक के कोलार और चिक्कबल्लापुर जिलों में कृष्णा नदी के बेसिनों को आपस में जोड़े जाने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा कृष्णा नदी के जल प्रवाहों को आपस में जोड़ने के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कोलार और चिक्कबल्लापुर जिलों में कृष्णा नदी जल प्रवाह को सिंचाई और पेयजल के प्रयोजनार्थ जोड़ने का कार्य पूरा करने में कितना समय लगेगा?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): भारत सरकार द्वारा देश के जल की अधिकता वाले बेसिनों से जल की कमी वाले बेसिनों/क्षेत्रों में जल के अंतरण के लिए वर्ष 1980 में एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) तैयार की गई है। एनपीपी के अंतर्गत नदियों को परस्पर जोड़ने (आईएलआर) संबंधी 30 परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है। इस योजना में हिमालयी घटक के अंतर्गत ऐसे 14 लिंक और प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत 16 लिंक शामिल हैं। एनपीपी के प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत नदियों को आपस में जोड़ने वाली 16 परियोजनाओं में से 8 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनमें अन्य नदियों के साथ-साथ कृष्णा नदी के जल की इंटर-लिंकिंग भी शामिल है। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता दी गई है और भारत सरकार द्वारा परामर्शी रूप में इस पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, एनपीपी के अंतर्गत नदियों को आपस में जोड़ने की ऐसी कोई परियोजना नहीं है जिसमे कर्नाटक के कोलार और चिक्काबल्लापुर जिलों में कृष्णा नदी बेसिन के लाभार्थ परिकल्पना की गई है।

*****

अनुलग्नक

"कर्नाटक को कृष्णा नदी से जल" के संबंध में दिनांक 08.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2882 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

<u>नदियों को परस्पर जोड़ने संबंधी 8 परियोजनाएं जिनमें अन्य के साथ-साथ कृष्णा नदी जल की इंटर-लिंकिंग शामिल है</u>, का ब्यौरा

क्र.सं.	नाम	लाभांवित राज्य	स्थिति
1	गोदावरी (पोलावरम)- कृष्णा (विजयवाड़ा) लिंक	आंध्र प्रदेश (एपी)	एफआर पूर्ण
2	(क) गोदावरी (इंच्चमपल्ली)- कृष्णा (नागार्जुन सागर) लिंक	तेलंगाना	एफआर पूर्ण
	(ख) अल्टर्नेट गोदावरी (इंच्चमपल्ली)- कृष्णा (नागार्जुन सागर) लिंक*	तेलंगाना	डीपीआर पूर्ण
3	गोदावरी (इंच्चमपल्ली /एसएसएमपीपी) - कृष्णा (पुलीचिंताला) लिंक	तेलंगाना और आंध्र प्रदेश	डीपीआर पूर्ण
4	(क) कृष्णा (नागार्जुन सागर) -पेन्नार (सोमासिला) लिंक	आंध्र प्रदेश	एफआर पूर्ण
	(ख) अल्टर्नेट कृष्णा (नागार्जुन सागर)- पेन्नार (सोमासिला)- लिंक *	आंध्र प्रदेश	डीपीआर पूर्ण
5	कृष्णा (श्रीसैलम)- पेन्नार लिंक	आंध्र प्रदेश	मसौदा डीपीआर पूर्ण
6	कृष्णा (अलमाटी) पेन्नार लिंक	आंध्र प्रदेश और कर्नाटक	मसौदा डीपीआर पूर्ण
7	बेदती-वर्धा लिंक	कर्नाटक	डीपीआर पूर्ण
8	नेत्रावति-हेमावति लिंक	कर्नाटक	पीएफआर पूर्ण

* मणिभद्र और इंचमपल्ली बांधों पर लंबित आपसी सहमति के कारण गोदावरी नदी के अप्रयुक्त जल के डॉयवर्जन के लिए वैकल्पिक अध्ययन किया गया था और गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमासिला)-कावेरी (ग्रैंड एनीकट) लिंक परियोजनाओं की डीपीआर पूरी कर ली गई थी। गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना तैयार की गई है जिसमें गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुनसागर), कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमासिला) और पेन्नार (सोमासिला)-कावेरी (ग्रैंड एनीकट) लिंक परियोजनाएं शामिल हैं।

******